सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री के लिए सीएम इंटर्नशिप से तैयार होंगे दक्ष युवा

आईआईटी व तकनीकी संस्थानों से विशेष ट्रेनिंग भी

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री के लिए प्रदेश के युवाओं को अभी से तैयार करने के निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिए हैं। इसके लिए आईआईटी व तकनीकी संस्थानों में विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। उद्योगों में सीएम इंटर्नशिप के तहत युवाओं को दो साल की ट्रेनिंग की व्यवस्था की जाएगी।

उप्र सेमी कंडक्टर नीति 2024 के प्रस्तुतीकरण के बाद मुख्यमंत्री ने ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर इकाइयों के लिए यूपी सबसे अनुकूल राज्य बनेगा। उद्योगों में आधुनिक प्रगति, स्मार्टफोन कंप्यूटर और चिकित्सा से जुड़े उपकरणों में सेमीकंडक्टर अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और क्वांटम कंम्यूटिंग में इनोवेशन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने प्रदेश के अंदर मौजूद दो आईआईटी सहित सभी टेक्निकल संस्थानों में युवाओं को सेमीकंडक्टर निर्माण पढ़ाने के बाद उद्योगों में दो वर्ष की ट्रेनिंग की व्यवस्था के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर चिप सेक्टर ने 500 अरब डॉलर से ज्यादा निवेश की घोषणा की है। तमाम कंपनियां फैब इकाइयों की स्थापना कर रही हैं। इसीलिए इस क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए भारत सरकार ने 10 अरब डॉलर की सब्सिडी देने का फैसला लिया है। इसके लिए यूपी में भी परिवेश तैयार करना होगा।

मुख्यमंत्री ने की समीक्षा, ये निर्देश दिए

- चिप डिजाइन उद्यमों व स्टार्टअप पर ध्यान देने के साथ-साथ राज्य के भीतर एक सहायक ईको-सिस्टम का विकास करें।
- कुशल प्रतिभाओं का पूल बनाने के लिए उद्योग और शिक्षा जगत के बीच मजबूत संबंध स्थापित करें
- सेमीकंडक्टर फैब, डिस्प्ले फैब्स, कंपाउंड सेमीकंडक्टर के लिए अपनी आकर्षक नीति घोषित करें
- विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए अपनी नीति में वित्तीय और गैर वित्तीय प्रोत्साहन का प्रावधान करें। ऐसा करने वाला यूपी देश में चौथा राज्य होगा।
- नई नीति में भारत सरकार द्वारा अनुमोदित पूंजीगत उपादान पर अतिरिक्त पूंजी उपादान भी दिया जाएगा।
- भूमि खरीद व पट्टे पर स्टाम्प शुल्क में छूट का प्रावधान होगा।